इत्ति दया, दीप्ति, तुष्टि, पुष्टि, भ्रान्ति आदि ।[1] भक्त भी अपनी अपनी भावनानुसार दुर्गा, महाकाली, महासरस्वती, अन्नपूर्णा, राधा, सीता, श्री नामों में इसी महाशक्ति की आराधना करते हैं, अथवा—

> देशकालपदार्थात्मा यद्वस्तु यथा यथा ।
> तत्तद्रूपेण या भाति तां श्रये संविद कलाम् ।।
> (योगिनीहृदयतन्त्र)

जो देश, काल, पदार्थ और आत्मा भेद से वस्तुओं के पृथक् पृथक् रूपों में व्यक्त होना है – ब्रह्म की उसी संवित्कला[2] का आश्रय ग्रहण करता हूँ।

संवित्कला के सोपाधिक विविध रूप मायाशक्ति के परिणाम हैं। माया अपरिच्छिन्न ब्रह्म को परिच्छिन्न या मापने योग्य-सा बना देती है। जिससे मापा जा सके वह माया अथवा वह परमचैतन्य की नैसर्गिकपूर्णता को आवृत करके जीव को भूलभूलैयाँ में डाल देती है और वह उस स्व स्वरूप की पूर्णता को न पहचानता हुआ मा या (यह वह नहीं है इस भाव) के चक्कर में पड़ जाता है।

पहले कह चुके हैं कि यह सब कुछ 'पुरुष' है। पुरुष से सामान्यरूप में जीव या मनुष्य का ही अर्थ नहीं लेना है अपितु सृष्टि का प्रत्येक कण, सूक्ष्मातिसूक्ष्म अणु भी चैतन्यरूप पुरुष है जिसका प्रकृतिरूपा शक्ति से एकीभाव है। ब्रह्माण्ड का एक एक रजकण या अणु-परमाणु अपनी परिच्छिन्नता या आणवी चेतना को अभिव्यक्त करता है।

---

[1]
> अन्तः स्थिताप्यखिलजन्तुषु तन्तुरूपा
> विद्योतसे बहिरिहाखिलविश्वरूपा ।
> का भूरि शब्दरचना वचनातिगासि
> दीनं जनं जननि ! मामव निष्प्रपञ्चम ।।
>
> प्रथमा विष्णुमाया च द्वितीया चेतना तथा
> बुद्धिर्निद्रा क्षुधा छाया शक्तितृष्णावथाष्टमी ।।
> क्षान्तिर्जातिस्तथा लज्जा शान्ति श्रद्धा च कान्तिका ।
> लक्ष्मीर्वृत्ति स्मृतिश्चैव दया दीप्तस्तथैव च ।।
> तुष्टि पुष्टिस्तथा माता भ्रान्ति सर्वात्मिका तथा ।।
> (लघुसप्तशती — पृथ्वीधराचार्यकृत)

[2] संवेदन से पूर्व अवस्था में परमनान की संज्ञा 'परा संवित्' होती है। संवेदन अथवा स्पन्दन के अनन्तर प्रापञ्चिक ज्ञान के आधार पर वही संवित विविध कलाओं के रूप में व्यक्त होती है। सदाशिव ईश्वर, रुद्र, विष्णु ब्रह्मा, अग्नि, सोम अथवा चन्द्रमा की सब मिलाकर ६४ कलाएं मानी गई हैं। इनका विवरण 'सौभाग्यरत्नाकर' आदि ग्रन्थों में देखना चाहिए।

लोक मे हम पदार्थो की शक्ति उनकी गति से मापते हैं। गति ही शक्ति है। किसी में चलने फिरने, कार्य करने, भार उठाने, सोचने समझने आदि की जो सामर्थ्य या गति होती है उसको शक्ति कहते है। इसी प्रकार जिनको हम जड़ अथवा अचेतन पदार्थ कहते है उनमें भी किसी स्थान पर टिके रहने, भार को रोकने, स्वयं भारशील होने की शक्ति का माप हम करते है। शक्ति तन्तु रूप से सभी पदार्थो मे अनुस्यूत है। शक्तिरहित पदार्थ का कोई भौतिक अस्तित्व नही रहता। उसका अन्तर्भाव कहाँ, कैसे होता है, यह लम्बा विषय है। हम जिस पृथ्वी पर रहते हैं और जिसको अचला कहते हैं वह स्वयं गतिमयी है। उसमें गति भी एक तरह की नही कई प्रकार की है। पहले वह अपनी धुरी पर घूमती है और इधर-उधर मडलाती भी रहती है। धुरी पर घूमने के परिणामस्वरूप दिन-रात का लक्ष्य हम करते है परतु मण्डलानी की गति बहुत मंद होती है। पृथ्वी की तीसरी गति सूर्य की परिक्रमा करने की है जिससे हम वर्ष और मास का हिसाब लगाते है। अब सूर्य भी अपने इर्दगिर्द घूमने वाले ग्रहो और उपग्रहो के साथ कृत्तिकामण्डल का चक्कर लगाता है और अभिजित् नक्षत्र की ओर बढता है। सूर्य के चक्कर लगाने वाले ग्रह के रूप में पृथ्वी की यह चौथी गति है। फिर, कृत्तिकामण्डल भी सौर-मण्डल के समान किसी वृहद्ब्रह्माड की परिक्रमा कर रहा है। वह पृथ्वीमाता की पञ्चम गति मानी जा सकती है – परन्तु इससे आगे शक्ति का स्वरूप अज्ञात और अपरिमेय है। वह 'महतो महीयान्' है। इसी प्रकार वृहद्ब्रह्माण्ड से लेकर हमारे पशु, पक्षी, कृमि, कीट, पतंगादि सभी चर पदार्थों के शरीरो का संघटन करने वाले अणु परमाणुओ में भी गति रूप से वही शक्ति व्याप्त है। यही नही पेड़ो में, पत्तियो में, वनस्पति मे भी उसी गति-शक्ति का रूप विद्यमान है। बीज से अंकुर का विस्फोट गति का ही स्पष्ट रूप है, पत्तियां निकलना, शाखाओं में रस सचार होना आदि ऊर्ध्वगति वनस्पति मे स्पष्ट रूप से परिलक्षित है। मिट्टी, ढेला, पत्थर, लोहपिण्ड आदि को हम निर्जीव और जड़ पदार्थ कहते है परन्तु कण-सहति और अधोगामिनी गति-शक्ति उनमें भी होती है। अन्यथा एक से एक कण कैसे जुड़ा रहता है? ऊपर उछालते ही वह पदार्थ नीचे आ पडता है—यदि पृथ्वी न रोक ले तो और भी नीचे चला जाय। यह उसमे गति-शक्ति नही है तो क्या है?

हमारे शरीर सूक्ष्म-जीवकणो से बने है जिनको 'सैल' या कोष कहते है। प्रत्येक जीव कण में भी गति होती है। ये व्यवस्थित रूप से एक दूसरे के प्रति आकृष्ट और विकृष्ट होते रहते है–इन कणो के अवयव अणु भी सजीव परमाणुओ से बने है। इसी प्रकार जिनको हम जड़ पदार्थ कहते हैं उनका भी विगकलन करने पर कण अणु और परमाणु भी अनेक विद्युत्-कणो से बनता है। विद्युदणु दो प्रकार का होता है—'पॉजिटिव' और 'निगेटिव' इनको धन-अणु और ऋण-अणु कहेगे। प्रत्येक धनाणु के चारो ओर ऋणाणु चक्कर लगाता है। वैज्ञानिको ने इस ऋणाणु की प्रदक्षिणा करने की गति का हिसाब लगाकर बताया है कि वह एक सैकिण्ड में एक लाख अस्सी हजार मील की रफ्तार से गतिमान है। इसी प्रकार प्रत्येक ऋणाणु की प्रदक्षिणा परमाणु करता रहता है जो अणुओ से घिरा हुआ है। जैसे सौरमण्डल है वैसे ही प्रत्येक पिण्ड मे वह परमाणु मण्डल क्रियाशील रहता है। इसीलिए कहा गया है कि 'अण्डे सो पिण्डे' अर्थात् जो कुछ ब्रह्माण्ड में हो रहा है वही सब प्रत्येक पिण्ड

को पहचान कर परमानन्द की अनुभूति करता है। अत शक्तिस्वरूपा प्रकृतिमाता की कृपा-प्राप्ति के लिए ही अपनी अपनी प्रकृति के अनुसार कर्म करते हुए समस्त भूत उसका अर्चन करते रहते है और उसी के द्वारा मानव को स्व स्वरूपोपलब्धिरूप सिद्धि प्राप्त होती है।[1]

इस प्रकार ज्ञात हुआ कि स्व-स्वरूप का पहचानने को छटपटाते हुए मानव के लिए शक्ति साधना की प्रवृत्ति स्वाभाविक और अनिवार्य है। बिना शक्ति (बल) के आत्मा की उपलब्धि नही हो सकती—

'नायमात्मा बलहीनेन लभ्य।'

इस रहस्य को ऋषियो ने ध्यान और योग के द्वारा ज्ञात किया।[2] देश और काल भेद से उसके प्रकार और नामादिको मे अन्तर अवश्य दिखाई देता है परन्तु मूल मे समस्त ससार एकमात्र शक्ति के अधीन है और उसी के साधनाराधन मे लगा हुआ है। वेदोपनिषदादिक अत्यन्त प्राचीन साहित्य मे तो अजा आद्याशक्ति आदि रूपो मे शक्ति सन्दर्भ मिलता ही है, बाद के बौद्ध साहित्य मे भी प्रज्ञापारमिता, वज्रवाराही, तारा[3], मणिमेखला[4], करुणा, शून्यता आदि शक्तिरूपिणी देवियो की आराधना का विस्तृत और विशुद्ध विवरण प्राप्त हैं। जैन शासन मे भी प्रत्येक तीर्थङ्कर की शासन-सत्ता तत्तच्छक्ति और सारस्वतकल्प को इष्ट माना गया है। बाइबिल और कुरान आदि मे भी ईश्वर की श्वसनशक्ति को सृष्टि का कारण माना गया है तथा कहा गया है 'आदि सृष्टि मे शक्ति का स्थान प्रमुख है'।[5] इस प्रकार शक्ति की सर्वव्यापकता और सर्वमान्यता स्वयसिद्ध है।

लौकिक अर्थों मे शक्ति की परिभाषा और मान्यता अन्तरग मे एक होते हुए भी बाह्यरूप मे बदलती रही है। वैदिक कर्मकाण्ड युग मे अधिकाधिक यज्ञो का अनुष्ठान करने वाला ही

---

[1] यत प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिद ततम्।
स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धि विन्दति मानवा ॥
(भगवद्गीता)

[2] ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन्
देवात्मशक्ति स्वगुणैर्निगूढाम्।
य कारणानि निखिलानि तानि
कालात्मयुक्तान्यधितिष्ठत्येक ॥
(श्वेताश्वतरोपनिषद्)

[3] बौद्ध ॐकार अथवा प्रणव को 'तार' कहते हैं, उसकी पत्नी तारा कहलाती है।

[4] समुद्र के तूफानो मे रक्षा करने वाली देवी।

[5] 'खल्क्नामिन् कुल्ले शयीन् जौजैन्।'
(कुरानशरीफ)
अल्लाह पाक ने फरमाया है कि मैंने सब चीजें जोडो के रूप मे पदा की है।

शक्तिशाली समझा जाता था। 'शतक्रतु' 'सहस्रयज्वा' आदि शब्द इसके प्रमाण है। उपनिषदों में ब्रह्मनिष्ठ और आत्मदर्शी का ही बल सर्वश्रेष्ठ माना जाता था। बाद में 'यस्य बुद्धिर्बल तस्य' की उक्ति प्रयोग में आई और अन्ततो गत्वा 'लाठी जिसकी भैंस' भी चरितार्थ होती रही और होती भी है। वर्तमान में वैज्ञानिक आविष्कारो की होड़ लगी हुई है। अणु-शक्ति की वेगवत्ता और प्रभ्रशिनी क्रिया का दर्शन करके कुछ लोग फूले नही समा रहे हैं और विश्व में सर्वश्रेष्ठता का दावा कर रहे हैं। वस्तुतः यह अनात्मभाव अथवा जड़भाव के ही आधिक्य के कारण है। परन्तु, प्रकृति, आद्याशक्ति, माया, जो भी हम कहें, जगत् का अथवा अपनी सृष्टि का समत्व नष्ट नही होने देती क्योकि उसकी मूल स्थिति अमान, अस्पन्द, अनादि ब्रह्म में निहित है। यह दृश्य, कल्पनीय और कल्पनातीत भी है। विश्व, ब्रह्माण्ड आदि नाम से कहा जाने वाला प्रपञ्च केवल उस ब्रह्म में किञ्चित् स्पन्दमात्र से उद्बुद्ध चित्-शक्ति का विलास है—परन्तु, वह स्वयं और उसमे अन्तर्निहित एकीभूता अनुद्बुद्ध अक्षुब्ध शक्ति उस उद्बुद्ध अश से कितनी बड़ी है यह सहज ही में सोचा जा सकता है। संसार के सभी तथाकथित सृष्टिकर्ता, रक्षक और विनाशक तत्त्व अपना क्षणिक चमत्कार-सा दिखावेगे और भुनगो के समान अस्थायी चमक दिखाकर विलुप्त हो जावेगे,[1] शेष रह जावेगा वह अशेष जिसमें न निमेष है, न उन्मेष।

भगवती शक्ति विश्वजननी है। वह विश्व के हित में समय समय पर, जब भी अविद्या-जन्य क्लेश बढ जाते है तो, अपनी श्रेयस्करी एवं क्लेशहारिणी कलाओ को विकसित करती है और विश्व-व्यापार में अनिष्ट की बाधा को दूर करती है—

इत्थ यदा यदा बाधा दानवोत्था भविष्यति।
तदा तदावतीर्याहं करिष्याम्यरिसंक्षयम्।
(सप्तशती)

'जब जब दानवों द्वारा बाधा उपस्थित की जायगी तो मैं अवतीर्ण होकर दुष्टो का क्षय करूँगी।' जगज्जननी के इसी कारुण्य में आस्था रखता हुआ मानव भगवती शक्ति की विविध प्रकार से उपासना करता है क्योकि विश्व में स्थिति अथवा सहार के देव-तत्त्वों की हीनता

---

[1] श्रीमच्छङ्कराचार्य ने कहा है—

विरिञ्चिः पञ्चत्त्व व्रजति हरिराप्नोति विरतिं
विनाश कीनाशो भजति धनदो याति निधनम्।
वितन्द्रा माहेन्द्री विततिरपि सम्मीलितदिशां
महासहारेऽस्मिन् विहरति सति त्वत्पतिरसौ॥
(सौन्दर्यलहरी)

सृष्टि को विरचने वाला ब्रह्मा पञ्चत्व (मृत्यु) को प्राप्त हो जाता है, हरि (विष्णु) अपने कार्य से विरत हो जाते है (क्रियाहीन होकर समाप्त हो जाते हैं), यमराज का विनाश हो जाता है, कुबेर की मृत्यु हो जाती है, महेन्द्र का समस्त प्रसार और व्यापार आँखे मूंद लेता है (समाप्त हो जाता है), परन्तु हे सति (सत्-शक्ति!) इस महासंहार में भी तुम्हारा पति विहार करता रहता है।

यदि किसी मे आ जाय तो उसे इतना हीन नही माना जाता जितना कि शक्तिहीन होन पर। कोई अपनी स्थिति बनाए रखने मे अथवा शत्रुओ का सहार करने मे आशानुकूल सफल नहीं होता है तो कोई बात नही, परन्तु यदि वह हिम्मत अथवा शक्ति ही खो बैठे तो तिरस्करणीय हो जाता है। किसी को विष्णुहीन या रुद्रहीन वह कर तिरस्कृत नही किया जाता किन्तु यदि वह शक्तिहीन हो गया है तो निकम्मा ही माना जाता है। इसीलिए शक्ति की साधना सतत चलती रहती है।

ससार मे, मुख्यत प्राणियो मे, अस्तित्व के लिए सघर्ष ही प्रधान है। परस्पर विरोधी तत्त्व एक दूसरे को हटा कर या नष्ट कर के अपनी स्थिति को दृढ एव कायम रखने के लिए सघष मे शक्ति का प्रयोग करते हैं और इसी के लिए शक्ति सचय के प्रयत्न करते रहते हैं। देवासुर सग्राम से लेकर आज तक के महायुद्धादिक इसी तथ्य पर आधारित है। मानवो के अन्तर्बाह्य सघष भी इसी के परिणाम हैं। इन सघर्षो मे जहाँ बलप्रयोग के द्वारा अनिष्ट तत्त्वो का अपसारण अथवा विनाश आवश्यक है वहाँ समान एव हितकर तत्त्वो की सहति अथवा उनका सङ्घटन भी परमावश्यक है। इसीलिए सघ को शक्ति कहा गया है। सङ्घ-शक्ति अस्तित्व के लिए एक महान् आवश्यक एव अपरिहार्य गुण है। राज्य, महाराज्य, साम्राज्य, भौज्य आदि की परिकल्पना, वर्ण व्यवस्थानुसार जातिसघटना एव सामाजिक निर्माण आदि भी इसी सङ्घशक्ति की साधना के परिणाम हैं। इसी प्रकार राष्ट्रशक्ति भी उसी चित्‌शक्ति का बाह्य रूप है जो जगत् के मूल मे निवास करती है। देश विशेष मे उत्पन्न हुए जन-समूह की सामाजिक इच्छा शक्ति के पिण्ड का ही नाम राष्ट्र है। गतिशील सावभौम शक्ति की क्रियाशीलता से ही इसकी उत्पत्ति होती है। इसी मे रह कर मानव अपने समाज के माध्यम से अपनी आकाक्षाओ की पूर्ति करता है, आदर्शो की क्रियान्विति के साधन ढूढता है, श्रेयस् सप्राप्ति की ओर अग्रसर होता है। अपना हित राष्ट्र के हित मे मानता है। राष्ट्र की कीर्ति बढाने मे अपना योग आवश्यक समझता है।[1]

जिस प्रकार अणु सहति से अणुमण्डल और फिर उसके सतत गुणन विस्तार से असख्य सर्गाणुमण्डल, कर्पाणुमण्डल, प्रभाणु मण्डल, नक्षत्र मण्डल, सौर-मण्डल, कृत्तिकामण्डल और विश्व मण्डल आदि बनते हैं वैसे ही प्रत्येक जन के शक्ति कण से जाति, समाज, देश और राष्ट्र का निर्माण होता है। फलत राष्ट्रों की सहति से विश्व-राष्ट्र मण्डल का निर्माण होता है। राष्ट्र के जन जन की विकसित इच्छाशक्ति ही समष्टि रूप मे प्रबुद्ध राष्ट्र शक्ति के नाम से अभिहित होती है। व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र का विकास है। जिस प्रकार व्यक्ति के

---

[1] उपैतु मां देवसख कीर्तिश्च मणिना सह।
प्रादुर्भूतोऽस्मि राष्ट्रेऽस्मिन् कीर्तिमृद्धि ददातु मे।
[श्रीसूक्त]

हे देवताओं के मित्र अग्नि! मुझे कीर्ति और धन प्राप्त हो। मैं इस राष्ट्र मे उत्पन्न हुआ हूँ अत मुझे ये दोनों सुलभ हों।

विकास का चरमलक्ष्य अपने सत्, चित् और आनन्दमय स्व-स्वरूप की उपलब्धि में है उसी प्रकार राष्ट्र के चरम विकास का लक्ष्य भी सत्य, शिव और सुन्दर की प्राप्ति में निहित है। जिस प्रकार जीव की परिच्छिन्न-शक्ति अव्यक्त, अव्यय, ब्रह्म की आदि-महाशक्ति का ही अंश है उसी प्रकार प्रत्येक जन और तदनु राष्ट्र विश्व-राष्ट्र का अंश है। राष्ट्र को ही शक्ति कहा जाता है। अधिकाधिक शक्ति-सम्पन्न राष्ट्रो को प्रतीक रूप में विश्व-शक्ति (World Power) कहने का उदाहरण सामने हैं। जैसे जैसे व्यक्ति का विकास होता है, वह पूर्व पूर्व संकीर्ण वृत्त से आगे बढ़ता हुआ उत्तरोत्तर वृहद्वृत्त में प्रसार करता है। माता की कोख, गोद, घर के प्राङ्गण, गाव नगर, प्रदेश, देश, राष्ट्र, राष्ट्रमण्डल और विश्व के दायरों को तोड कर वह विकसित होने की इच्छा करता है। पूर्ण-प्रबुद्ध व्यक्ति की मातृ-भावना अपनी माता, भौगोलिक-परिधि में आए हुए मातृ-भूमि या अमुक राष्ट्र नाम से अभिहित भूखण्ड तक ही सीमित नही रहती वह अखिल विश्व की जन्मदात्री अनन्त शक्ति से सम्बद्ध है। परन्तु, इन अन्तर्वृत्तो का कोई महत्त्व ही न हो, यह बात नहीं है। ये सब सीढियाँ है जिनके द्वारा उत्तरोत्तर उच्च स्थिति में पहुँचा जाता है। अतः हमारी शक्ति-उपासना का आध्यात्मिक स्वरूप जहाँ परम चित्-शक्ति के साक्षात्कार के प्रति प्रयत्नशील होने में है वहां लौकिक रूप मे अपने व्यक्तित्व-विकास द्वारा क्रमशः विश्व राष्ट्र में अपनी स्थिति को समझते हुए उसे सुसमृद्ध और समुन्नत बनाने के प्रयत्नों में योगदान के रूप में निहित है।

जब हम किसी पदार्थ अथवा आदर्श को प्राप्त करने की इच्छा करते है तो वह हमारा इष्ट हो जाता है। उसकी प्राप्ति के लिए जिन उपायों, क्रियाओ अथवा साधनों को हम गम्भीरता पूर्वक अपनाते है वही हमारी उपासना के उपकरण बन जाते है। वे हमें हमारे इष्ट के पास ले जाकर बैठा देते है। अतः उपासना का अर्थ वह साधन है जो हमें हमारे इष्ट को प्राप्त कराता है। इष्ट-प्राप्ति के लिए शक्ति का उपयोग आवश्यक होता है, इसलिए जब हम अभीष्ट वस्तु की उपलब्धि के लिए अपने में अन्तर्निहित शक्ति को उद्बुद्ध करने के जो उपाय अथवा साधन अपनाते है वही हमारी शक्ति-साधना है, उपासना है। शारीरिक शक्ति के लिए विविध प्रकार की शारीरिक क्रियाओं और योगासनादि की नियमित साधना की जाती है। इसी प्रकार मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्ति की सम्प्राप्ति के लिए मन्त्र-जाप और शब्द-साधन आदि आवश्यक होते है। वस्तुतः मन्त्र-साधन भी योग के ही अन्तर्गत माना जाता है। अतः योग-साधन को ही शक्ति-उपासना का मुख्य रूप कहा जाता है। योग के द्वारा हम माया-शक्ति को प्रसन्न करके उसे अपना आवरण हटाने के लिए कृपावती बनाते है और इस साधन के द्वारा जीव का ब्रह्म से योग होना सम्भव होता है अथवा लौकिक अर्थ में हमारे इष्ट से हमारा योग होता है, इसी कारण इसे योगमाया कहते है। यही हमारी समस्त उपलब्धियों के लिए आधार शक्ति है।

इष्ट-प्राप्ति के लिए अनिष्ट तत्त्वों का निवारण भी आवश्यक होता है और उस में भी शक्ति का प्रयोग अनिवार्य है। परस्पर विरोधी शक्तियों के संघर्ष का ही नाम युद्ध है। सृष्टि का प्रत्येक कण और जीव अस्तित्व के लिए संघर्षरत रहता है। राग, द्वेष, मोह, अस्मिता और अभिनिवेश, ये अविद्या रूपी पञ्च-क्लेश कहलाते है, जो वैराग्य, ज्ञान, ऐश्वर्य

और धर्म-स्वरूप विद्या बुद्धि को आच्छन्न करते रहते हैं। इन्हीं के संघर्ष रूप में आदि से अब तक युद्धादिक होते रहे हैं। 'सप्तशती' का चण्डी-असुर युद्ध वर्णन इसी का प्रतीक है। महिषासुर पशुभाव और क्रोध का द्योतक है, इसी प्रकार धूम्रलोचन और मधु-कैटभ मोह के, चण्ड-मुण्ड अहंकार के, रक्तबीज काम का और शुम्भ निशुम्भ लोभ के मूर्तिमान नमूने हैं। ये सब अविद्या विकार जब जब प्रबल होते हैं तभी देवता या दिव्यभाव आदिशक्ति की शरण में जा कर इनके उत्पात को शान्त करने के लिए प्रार्थना करते है, अविद्या बल के आवरण को हटा कर विद्याबल को प्रबुद्ध करने को सचेष्ट होते हैं। अविद्याजन्य विकार आसुरी सम्पत कहलाते हैं, इनका हनन करके इनको पराविद्या की दैवी सम्पत में परिणत करना ही शक्ति की उपासना है। इन विकारों के हनन का नाम ही बलि है, यही यज्ञ है।

योग, यज्ञ और बलि आदि तान्त्रिक क्रियाओं के साथ ही शक्ति उपासना में मन्त्रों का भी बड़ा महत्त्व है। मन्त्र के द्वारा मूल साधन शक्ति अधिक शक्तिशालिनी होकर व्यक्त होती है। वस्तुतः परा चितशक्ति मन्त्र में ही व्यक्त होती है और जाप के द्वारा साधक मन्त्र को जागृत करता है। वायु की लहरियों से जिस प्रकार अग्नि प्रज्वलित होती है उसी प्रकार मन्त्र जाप से जीव शक्ति उद्दीप्त होती है। मन्त्र अक्षरों से बनते हैं, अक्षर ब्रह्म का स्वरूप है। मन्त्र से विश्व विज्ञान की सम्प्राप्ति और संसार-बन्धन से मुक्ति-लाभ होता है।[1]

भूत मात्र में शक्ति का निवास है।[2] नाम रूप गुणादि भेदों के कारण विविधता प्रकट होती है। इसी कारण उपासना के भेद उत्पन्न होते हैं। परन्तु सब का लक्ष्य एक ही है और वह है आत्मानुभव। दुर्गा, चण्डी, महाविद्या आदि भेद और विविध उपासना के प्रकार एक ही महाशक्ति की कृपाप्राप्ति के साधन हैं। यही क्यों हमारी प्रत्येक हरकत उसी महामाया की उपासना का रूप है।

साधु परित्राण दुष्कृत-विनाश और प्राकृत धर्म-संस्थापन के लिए शक्ति के विविध रूप अवतरित होते रहते हैं और लोक में प्रकृति विभेद से उपासना के विभिन्न प्रकारों का आविष्कार होता रहा है।[3] सृष्टि शक्ति ही ब्राह्मी-शक्ति के नाम से पूजित होती है, इसी प्रकार लय शक्ति को माहेश्वरी शक्ति कहते हैं, इसके एक ही इशारे में समस्त विश्व प्रपञ्च का लय हो जाता है, ब्रह्मा, विष्णु और शिव अपने अपने व्यापार बन्द कर देते हैं। आसुरी वृत्तियों के पुञ्ज का दमन करने वाली और दैवी शक्ति समूह का विकास करने वाली शक्ति 'कौमारी' कहलाती है। नव दुर्गाओं में यह ब्रह्मचारिणी नाम से प्रसिद्ध है। यह शक्ति अपने

---

[1] इस विषय पर विशेष सूचना के लिए लेखक द्वारा सम्पादित 'भुवनेश्वरी महास्तोत्र' का प्रास्ताविक परिचय पढ़ना चाहिए।

[2] जळ थळ खेचर जीव जगि, सारा मझ्झ सगत्ति।
तो विण भ्रम क्रम न थियै, भगवति देह भगवत्ति ॥ १७ ॥
—वचनिका, पृ० २१

[3] वचनिका में भी शक्ति के विविध रूपों के नाम गिनाए गए हैं, देखिए पृ० ३८ ३९

आविर्भाव के लिए लोक में कुमारिका शरीर को ही आलम्बन बनाती है। नवरात्र में कन्याओ का पूजन, समय समय पर दुष्टो और असुरों का विनाश करने हेतु इसी शक्ति के पूजन का प्रतीक है। राजस्थान और गुजरात में आवड़, आछी (इच्छा), चर्चिका, खोडियार, करणी आदि शक्तियो का अवतार कन्या रूप में ही हुआ और वे इसी रूप में पूजी जाती है। वैष्णवी-शक्ति संसार की रक्षिका है। जगत की सृष्टि, स्थिति और सहार में इसका श्रेयस्कर रूप रहता है।[1] सर्व प्रथम आत्मा को परिच्छिन्न एवं आवृत करने वाली काल शक्ति है। इसीलिए परमात्मा अथवा महान् आत्मा को आवृत करने वाली शक्ति महाकाली कहलाती है। सब कुछ इसी के गर्भ मे विलीन हो जाता है। महाकाल से इसका ऐक्यभाव है। यही शक्ति अवान्तर भेद से वाराही भी कहलाती है। लोक में वराही या वाराही माता का पूजन इसका प्रतीक है। मनुष्य जब तक अपने स्वरूप को नही जान लेता तब तक वह श्रेष्ठत्व की ओर उन्मुख नही होता। यह स्व-स्वरूप-परिचायिका शक्ति नारसिंही नाम से कही जाती है क्यो कि यह नर को नरों में सिंह अर्थात् श्रेष्ठ आत्मज्ञानवान् होने को उन्मुख करती है। चैतन्य-वर्ग मे गति और प्रकाश-दायिनी शक्ति ऐन्द्री नाम से पूजित है। इसी प्रकार प्रवृत्तिरूपा चण्डा-प्रकृति और निवृत्तिरूपा मुण्डा-प्रकृति का हनन करके उनका महाप्रलय में लय करने वाली शक्ति का चामुण्डा नाम से पूजन होता है। शक्ति के इन्ही प्रधान रूपो की अनन्त नामो से अनन्त प्रकार से उपासना की जाती है।

पुराणो में कथा आई है कि दक्ष का यज्ञ विध्वस्त करने के बाद शिवजी सती के शव को लेकर कन्धे पर धरे हुए इधर उधर उद्भट रूप से घूमने लगे। सभी देवता इससे चिंतित हुए तब विष्णु ने अपने चक्र से उस सती के मृतदेह के टुकड़े टुकड़े कर दिए, वे टुकड़े इक्कावन स्थानो में बिखर गए और तुरन्त पाषाण-रूप में परिणत हो गए। ऐसे प्रत्येक स्थान पर एक शक्ति का रूप और एक भैरव पूजित होने लगा। यही सब स्थान शक्ति पीठों के नाम-से प्रसिद्ध हुए।[2]

---

[1] गोस्वामी तुलसीदासजी ने सीताजी को शक्ति का यही रूप माना है—

'सृष्टिस्थितिसंहारकारिणी क्लेशहारिणी।
सर्वश्रेयस्करी सीतां नतोऽहं रामवल्लभाम्।।

[2]
विष्णुचक्रेण सञ्छिन्नास्तद्देहावयवः पृथक्।
विपेतुः पृथ्वीपृष्ठे स्थाने स्थाने महामुने।।
महातीर्थानि तान्येव मुक्तिक्षेत्राणि भूतले।
सिद्धपीठा हि ते देशा देवानामपि दुर्लभाः।।
भूमौ पतितास्तु ते छायाङ्गावयवः क्षणात्।
जग्मुः पाषाणतां सर्वलोकानां हितहेतवः।।

इन शक्तिपीठों का 'तन्त्रचूडामणि' ग्रंथ में विस्तार से वर्णन किया गया है। इनके आधार पर देश के कितने ही भौगोलिक स्थानो का भी ज्ञान होता है, साथ ही देवियों के

जिस प्रकार ससार मे प्रवल होते हुए ग्रासुरी भाव का सहार करने के लिए समय समय पर पुरुष के रूप मे यावदपेक्षित वैष्णवी शक्ति के अवतार हुए हैं और होते रहते हैं उसी प्रकार स्त्री देहो मे भी लोक मे शक्ति के अनेक रूप प्रकट हुए हैं।[1] धमरक्षा, अनिष्टनिवारण और दुष्टसहार की विशिष्ट शक्तियो का जिन स्त्री शरीरो मे उद्भव और प्राकट्य हुआ वे ही शक्ति का अवतार मानी गई। राजस्थान और गुजरात के चारणो मे तो "नौलख लोवडियाळ"[2] प्रसिद्ध हैं। इनमे शक्ति के काली, दुर्गा, चण्डी और ब्रह्मचारिणी रूपो के ये अश उदभूत हुए है। हिंगुलाज, आवट, हुली, गुली, छाछी (चचिका), करणी, लाल बाई, फूलबाई आदि नामो से स्थान स्थान पर ये देवियाँ पूजी जाती हैं और इनकी महिमा का वरान करने के लिए अनक काव्यो का निर्माण हुआ है, जो प्राचीन राजस्थानी साहित्य की समद्धि के अभिन्न अग है।

भारतीय जन जीवन का आधारस्तम्भ धम ही रहा है। भारतीय मानव न धम की परिभाषा उस सतत प्रयत्न को माना है जिसके द्वारा प्रकृति परिच्छिन्न जीव स्वरूप अवयव समस्त आवरण को हटाकर सत् चित आनन्द घनरूप, अपरिच्छिन्न, ब्रह्मस्वरूप, अवयवी मे ऐक्यभाव के लिए उन्मुख हो सके। इसके लिए वह निरन्तर प्रकृति या माया अथवा शक्ति को प्रसन्न करने के लिए कायरत रहता है। व्यक्तिगत, कौटुम्बिक, सामाजिक, प्रदेशीय, देशीय एव राष्ट्रीय आदि समस्त व्यापारो मे भारतीय जीवन शक्ति की उपासना से ओत प्रोत है। दैनिक जीवन का आचार, कौटुम्बिक विधान, सामाजिक-गठन देश व्यवस्था और राष्ट्रीय भावना आदि समस्त व्यापारो मे शक्ति सम्प्राप्ति का विधान है। यम नियम, प्राणायामादि व्यक्ति के लिए शारीरिक और आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करन साधन है, प्रत्यक कुटुम्ब, कुल, ग्राम और राष्ट्र की देवियाँ नामाङ्कित हैं, पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय शक्तिपर्व

नामो और शक्तियो के रहस्य भी विदित होते है, यथा—सिन्धुदेश मे हिङ्गुला नामक स्थान पर शक्ति के ब्रह्मरन्ध्र का पात हुआ था। वहाँ शक्ति का हिंगुला नाम से ही पूजन होता है। बाद मे चारणो मे अवतार लेने वाली एक देवी हिङ्गलाज नाम से प्रसिद्ध हुई और वह आद्याशक्ति का रूप मानी गई। हिम अथवा सोम भाव का प्राप्त होने वाली शक्ति को हिंगुला कहते है।

'हिम गच्छतीति हिंगु'

इसी प्रकार अर्बुदारण्य क्षेत्र मे आरासण स्थान पर शक्ति का वामकुच (हृदय) भाग गिरा था। वहाँ इसी भाग की पूजा होती है।

देवी भागवत म ऐसे एक सौ आठ शक्ति पीठो का वरान है। देवीगीता मे ७२ पीठ गिनाए है। इसी प्रकार विभिन्न ग्रथो मे विभिन्न वरान मिलते हैं।

[1] सुर सान्निधे कज्ज, ब्रह्माणी, रूप अनेक विध करिय।

—वचनिका, २६ पृ० २५

[2] एक विशेष प्रकार का ऊनी वस्त्र जिसे देविया ओढती हैं, लोवडी कहलाता है।

नियत है तथा हमारा समस्त वाङ्मय, शब्दशक्तिमय तो है ही, वह शक्ति-महिमा से भरा पड़ा है। उदाहरणार्थ, वर्ष में दो बार नवरात्र पर्व पर विशेष रूप से शक्ति-समाराधन का विधान हमारे जन-जन में शक्ति-संप्राप्ति की भावना का सञ्चार करता है। यह पर्व राष्ट्र की सघ-शक्ति को उद्‌वुद्ध करता है। घर घर में चण्डी-चरित्र (दुर्गा-सप्तशती) का पारायण होता है जिससे हमें अध्यात्म एव संघशक्ति का सदेश मिलता है। नवरात्र पर्व में नाद और बिंदु से समुद्‌भूत ससार का रहस्य ज्ञात करने वाले ब्राह्मण और साधक शरीरस्थ षट्‌चक्र के स्नायुजाल में गूंजने वाले अविनश्वर अक्षरसंघात के द्वारा अनन्त शक्ति के स्रोत से सम्पर्क स्थापित करते है। सप्तशती के अनेक श्लोक बीजाक्षरगर्भित हैं और सम्पुट सहित पारायण करने से मुख्यश्लोक की १४०० आवृत्तियाँ सहज ही मे हो जाती हैं। जब देव-राष्ट्र पर असुरो का आतङ्क छाया और अकेले देवराज की शक्ति पर्याप्त न हुई तो समस्त देवो ने संघटित होकर समवेत-शक्ति का आह्वान किया और उसी शक्ति ने असुरो का संहार कर उनका श्रेयस् सम्पादन किया। इस आख्यान से हमारे राष्ट्र में वर्ण-व्यवस्थानुसार जिस वर्ग को देश रक्षा का भार सौपा गया है उसका उद्‌बोधन होता है। सघ-शक्ति का माहात्म्य इससे समझा जा सकता है। नवरात्र में क्षत्रियो द्वारा शस्त्रास्त्र-पूजन, अश्वपूजन और विविध वाहनों का पूजन तथा एकत्रित होकर बन्धु-बान्धवो सहित उत्सव मनाने की प्रथा शक्ति-सर्वेक्षण एवं सघ-सघटन की द्योतक है।

शक्ति के विविध रूपो की कल्पना करके शक्ति-ग्रन्थो में भगवती के विविध आयुधों, वाहनो और मुद्राओ के विवरण दिए गए है। इनके रहस्यो का अध्ययन जहाँ ज्ञान-पट खोलने में सक्षम है वहाँ लौकिक में समाज के दैनिक जीवन, व्यवहार, व्यापार, आकाक्षाओ और विविध मनोभावनाओ के अन्तर्गर्भित तात्पर्यों और सांस्कृतिक विकास को समझ लेने का भी मधुर माध्यम है। इसी प्रकार विविध स्थानो में निर्मित मन्दिरो की वास्तु-विशेषता और प्रतिमा-विधान के अध्ययन का विषय भी मानव-मन और मस्तिष्क के चरम विकसित स्वरूप का दर्शन तो कराता ही, है—साथ ही, हमारे अतीत के अतीव समुज्ज्वल समय का भी स्मरण कराता है और हमारी सुपुप्त-सी शक्तियों का उद्‌बोधन करता है।

इस प्रकार सकल चराचरमयी, सर्वभूतमयी और समस्त विद्यामयी महाशक्ति के स्वरूप का चिन्तन, तत्सम्बन्धी साहित्यादि उपकरणों का अध्ययन एवं मनन तथा राष्ट्रशक्ति में उसका दर्शन करना, अनिष्टतत्त्वों का अपसारण कर इष्ट और सौभाग्यकारक तत्त्वो को विकसित करना आदि सभी सत्क्रियाये भगवती शक्ति की सदुपासना के अन्तर्गत है।

ज्ञातव्य – पृ० १२७ के अतिम पैरे की ४थी पंक्ति में कृपया 'उनका भी विशकलन करने पर' के बाद 'ज्ञात होता है कि प्रत्येक' और पढ़ें।

पृ० १२८ की १२वी पंक्ति में 'सर्व' के स्थान पर 'सर्ग' पढ़े।

—लेखक

पुस्तक - समीक्षा

राजस्थान स्वर-लहरी, भाग १

संपादक : राजेन्द्रसिंह् बारहट और श्री महेन्द्र भनावत; स्वर-लिपिकार : श्री नारायणलाल गंधर्व; प्रकाशक : भारतीय लोक कला मडल, उदयपुर; पृष्ठ संख्या : १११; मूल्य ३) रुपये

राजस्थान के लोक गीतो मे राजस्थान की सस्कृति और उसका जन-मानस प्रतिबिंबित है। इस पुस्तक में ३२ पारिवारिक लोकगीत सगृहीत हैं। इससे पहले भी लोक-गीतो के कई सग्रह् निकल चुके परन्तु इसकी अपनी विशेपता यह है कि इस संग्रह के सब गीतो के साथ इनकी प्रचलित धुनो की स्वर-लिपिया भी स्थायी अंतरो सहित दी गई है। ये स्वर-लिपियाँ शास्त्रीय संगीत की भात खण्डे प्रणाली पर है। जिस प्रकार जैन कवियों ने लोक-गीतों की ढालो को सुरक्षित रखने मे योग दिया उसी प्रकार लोक कला मंडल ने स्वर-लिपि देकर इनकी गेयता को सुरक्षित करने का महत्त्वपूर्ण काम किया है। स्वर-लिपि के साथ ही साथ तालो का निर्देश भी है। मडल के सचालक श्री देवीलाल सामर ने स्वीकार किया है कि इस संग्रह में उदयपुर के गायक तथा स्वर रचनाकारो की सहायता ली गई है अत: इन धुनो में उदयपुर की धुनों की विशेपता होना स्वाभाविक है। स्थान विशेप की दूरी के कारण धुने द्रुत या विलबित लय में गाई जाती है परन्तु मूल धुन में कोई अन्तर नही पड़ता। इसलिये सग्रह की उपादेयता निश्चित है। इसी विशेषता के कारण संग्रह का शीर्षक सार्थक है।

दूसरी विशेषता यह है कि सब गीतो के सरल हिन्दी में अर्थ कर दिये गये हैं। अर्थ के विपय में मुझे कही-कही शकाएँ है जो व्यक्त कर देना आवश्यक समझ कर निवेदित की जाती हैं। पहले गीत पीपळी को ही ले। सपादकों ने लिखा है – 'पीपळी स्वयं नारी है जिसका पति उसे अकेली छोड़ कर परदेश नौकरी पर जाने की तैय्यारी में है।' पीपळी में नारी के आरोप की आवश्यकता नही है क्योकि अगली कड़ी में 'परण चाल्या छा भंवरजी गोरड़ी जी' में नवयौवना स्त्री की अवस्था हमारे सामने स्पष्ट है। घेरघुमेर का अर्थ 'हरीभरी' किया है जिसका आशय पल्लवित एवं वर्द्धित है। घेर-घुमेर की ध्वनि हरी-भरी में नही आती। घुड़ला कसना और जीन कसना का अर्थ किया है आपके जाने के लिए किसने इस घोड़े पर सामान (जीन पलाण) रखा है। जीन पलाण वाली बात जो ब्रैकेट में दी वह तो जँचती है पर सामान रखने की बात नही जँचती क्योकि घोड़ा लद्दू जानवर नही है। सामान तो डूम ढाढ़ियों के घोड़ों पर लादा जाता है। फूट सुहाळ का अर्थ ककड़ी शायद हिन्दी के फूट शब्द को ध्यान में रख कर किया है। फिर जलेबी और ककड़ी का मेल क्या? सुहाळ राजस्थान मे काफी प्रचलित शब्द है। फूट सुहाळ ऐसी नरम है कि ओठों से फूटे। सोड़ पथरणा का अर्थ गादी तकिया किया है जिनको 'नीद लगै जद मारूजी ओढल्यो जी' ओढ़ा कैसे जा सकता है। सोड़ तो जाड़े में ओढी जाती है, न सोड़ का अर्थ गादी है न पथरणा का तकिया। 'असल बगीचो' का अर्थ सुन्दर सुव्यवस्थित बगीचा किया है। असल

का अर्थ तो सब विदित है। फिर फले फूले नीबू आम कहाँ से आए। फला फूला विशेषण पेड के लिए आता है फल के लिए नही। गीत मे 'घणा जाऊ निम्बवा आम' मे कोई विशेषण है ही नही। 'खुशी पडे जद मारुजी चूसल्यो जी' का अर्थ किया है 'समय पडने पर आप उन्हें चूस कर अपनी तृष्णा शांत कर सकें। चोष्य या पेय पदार्थ से तपा तो शांत हो सकती है तृष्णा नही, वह तो मन की है। 'उडावँ घणा कागला जी' का अर्थ किया है 'आपके लिए कौवा के साथ सदेश पहुचाते पहुचाते भी हार खा गई' हार कहाँ खा गई वह तो आकुल प्रतीक्षा मे काग उडा रही है। 'के गाधी मणियार' मे कमाई मे स्त्रियो को भी साझीदार बनाने वालो की गणना की है। यहाँ गधी (इत्र तेल फरोश) माना है। शायद हिन्दी के गधी शब्द से यह अर्थ लिया है। इत्र वाले की स्त्री कभी इत्र बेचने जाती है क्या ? राजस्थान मे गाधी को तो प्रत्येक बच्चा जानता है जो गलियो मे गट्टू खोपरा, मूगफली की आवाज लगा कर बच्चो को आकर्षित करता है। यह अन्य चीजें भी जैसे चूडो, टीकी, हीगलू आदि रखते है। स्त्री 'गाधण' भी ये चीजें बेचा करती है। 'सीटां की रुत' का अर्थ फल प्राप्ति का समय किया है। जिसने राजस्थान की उल्लासमयी सीटो की ऋतु के महत्त्व को समाप्त कर दिया है। इस गीत के अन्त मे सम्पादक लिखते हैं —पहले अधिकाश पत्र पद्य मे ही लिखे जाते थे और आज भी राजस्थान मे यह प्रथा कुछ अश मे प्रचलित है। क्या 'पीपळी' गीत किसी नायिका का लिखा हुआ है। ऐसी कितनी राजस्थानी नायिका आशुकवयित्री थी जो पद्य मे पत्र लिखा करती थी। यह गीत तो स्त्री समाज की भावना व्यक्त करता है, किसी एक की रचना तो है नही। ऐसी क्लिष्ट कल्पना की क्या आवश्यकता है ?

गीत न० ३ 'भँवर म्हाने परण पीयर मति मेलो सा' मे 'सियाळे री रैन माय सहेल्यां रे साथे गोखा माय आपने खेलावसा' का अर्थ किया है 'दोनो सर्दी की ठडी २ रातो मे वहाँ झरोखे मे बैठ चौपड खेलेंगे।' क्या सहेल्या रे साथे का अर्थ दोनो होता है ?

गीत ५ 'उड उड रे' मे 'खीर खाड रो जीमण जिमाऊं' का अर्थ किया है— खीर और शक्कर का बना भोजन (पकवान) खिलाऊंगी। यह पकवान कौनसा है ?

गीत ६ मे पोमचे का खुलासा ब्रैकेट मे किया गया है साडी विशेष। राजस्थान मे सब जानते हैं कि पीले और पोमचे ओढने होते है, साडी नही। इसी गीत मे चार पाँच मार्मिक कडियो का अर्थ नही दिया गया है।

सातवें गीत का अर्थ न लिख कर संक्षेप मे केवल भावार्थ दिया गया है। गीत ८ मे चार कडियो मे से एक का अर्थ है बाकी शब्द जाल से भर्ती पूरी की गई है।

गीत १० म वदेक झोला चले सूरियो, धीमी धीमी पुरवाई रे' का अर्थ किया गया है— 'उत्तर दिशा की ओर से धीमी मद मद बहने वाली हवा आ रही है' फिर ब्रैकेट मे सूरिया एव परवाई हवा जब आती है तो ऐसा समझ लिया जाता है कि अब बरसात होने वाली है।' धीमी, मद मद बहने वाली हवा के लिए दो विशेषणो मे क्या विशेषता है। सूरिया तथा परवाई हवा दोनो समान नही हैं, न सदा बरसात लाती है। भादो में सूरियो और श्रावण मे परवाई वर्षा कारक नही होती। फिर झोला तो सूरियो चलने पर होता है जिससे

फसल पीली पड़ जाती है। सम्पादकों को झोले का ज्ञान नही है फिर उत्तर दिशा की हवा वर्षा लाने वाली नही होती। मंद मंद चल कर तो दक्षिण पवन सुखदायी होती है।

गीत १२ में 'छाती में हबको चाले म्हारी भाभी' का अर्थ किया है उसकी पसली में भी दर्द महसूस होने लगता है और जिसके कारण चीस चलने लग जाती है। हबको और चीस का अन्तर समझना चाहिए था। छाती की जगह पसली मे दर्द कहाँ से हो गया ?

गीत १३ में पति द्वारा पीहर जाने की स्वीकृति न देने की झूठी कल्पना की गई है। बात यह है कि पीहर जाते हुए उसके प्राण पति में उलझे हुए है। यही सीधी सी बात गीत मे कही गई है । 'मुजरो मान लेनी खीला, म्हे तो पीहर चाली रे। आगे तो पग धरूं भवरजी पाछे पगल्या राखूं रे' का अर्थ किया है 'वह अपने चरण तो आगे बढ़ाती जाती है परन्तु चरण-चिन्ह (पगल्या) पीछे छोड़ती जाती है।' भाव यह है कि पैर धरती तो आगे है परन्तु वे प्रेम के कारण पीछे पड़ते हैं क्योंकि अगली पंक्ति में स्पष्ट कर दिया है 'थामें उळझ्या प्राण पति म्हे फिर फिर झांकू रे।' यहाँ विरह-जन्य टीस है जो पति के जाने पर जैसे पैदा होती है वैसे ही पति से स्वय बिछुड़ने पर होती है।

गीत १५ में 'जारजट' का प्रयोग इसे आधुनिक सिद्ध करता है। इसमें प्राचीन गीतों जैसा माधुर्य नही है। केवल तुकबन्दी मात्र है। जारजट का अर्थ जरी का किया है। इसी तरह २५वें गीत का बालमवा सम्बोधन उत्तर प्रदेश की नकल पर बना हुआ लगता है। यह भी आधुनिक ही हैं।

गीत १६ में 'धमाईलूं गोला तपाईलूं' का अर्थ किया है सुनार की धमनी से। मैं लोहे के गोले तपवा कर'। यह काम सुनार का नही, लुहार का है। 'सूरत बम्बई री ओढणी बाहरिया लेगा वाळी रे' का अर्थ किया है सूरत और बम्बई की बनी हुई साड़ी तथा हरा लहगा पहनने वाली। ओढणी का अर्थ साड़ी किया तथा लहँगा भी साथ है, फिर ओढ़ने का क्या हाल हुआ ? लहँगा और ओढणी तो यहाँ की स्त्रियो की पूरी पोशाक हो जाती है। 'अळिया हेरचो गळिया हेरचो तोड़ न पायो कागसियो' में स्पष्ट है कि कंघा नही मिला परन्तु संपादक अर्थ करते हैं 'उसे मैं अली गली मे सब तरफ ढूंढ़ कर थक गई परन्तु वह मिली नही। यहां इनका मतलब सौत से है।

गीत १८ 'म्हारी वाडी रा करेला मति तोड़ो रसिया' में सपादक कल्पना करते है कि 'वाडी के करेले' से पारिवारिक सदस्यो की ओर भी हलका सा इङ्गित मिलता है।' जब गीत में वह पति को साथ लेकर स्वयं अलग होने की मांग करती है तब यह इंगित कौन से पारिवारिक सदस्य की ओर है, यह वे ही जानें। संपादक लिखते है—'कही-कही इस गीत को केवल मनोरंजनार्थ ही गाया जाता है। फिर इसमें रहस्यवाद कहाँ से सूझा !

गीत २० में दांतां बिजली चूप जड़ा दो मदवा मारूजी' का अर्थ किया है सोनी को बुला कर बंगड़ी पर दाँतों की चूप जड़ना। बंगड़ी पर टीप जड़ी जाती है। चूप तो दाँतों का आभूषण है, जो हाथ के गहने बंगड़ी पर कैसे जड़ा जायेगा।

गीत २२ मे गोरवद के लिए लिखा है 'जिसके दोना ओर लबी लटकनें होती हैं जो काठी पर लगाते समय ऊट की गदन के दोनों ओर लटकती चमकती रहती हैं।' इससे यही पता नही चलता कि गोरवद का स्थान काठी है या ऊट की गदन।

गीत २४ मे चौसर के लिए कोष्ठक मे 'माल' लिखा है । यह कौनसा माल है, स्पष्ट नही। इस गीत मे पति पत्नी की चुहल है जिसमे तुलसीदासजी को व्यथ ही घसीटा गया है और तुलना मे 'तुम विनु रघुकुल कुमुद विधु, सुरपुर नमक समान' उदधृत किया गया है।

गीत ३० मे यह लिख कर कि 'उसके जीण शरीर (जोजरो हाँडो) मे अरमानो के होले मिक रहे थे, कारण कि पति नासमझ मिला' तो गीत के सारे सौंदय को ही नष्ट कर दिया। पति छोटा था इसलिए भोला था और पत्नी पूण यौवना। यौवना मे ही जीण शरीर की सूझ कैसे सूझी ?

गीत ३२ में सावणिय की रितु आई, तीज त्योंहारा लाई का अथ नीमडी को सबोधन करते हुए किया गया है कि 'श्रावण के इस सुहावन मौसम मे जो तीज आदि त्यौहार हँसते खेलते आते हैं उन्हें भी लगता है तू ही बुला कर लाती है।' प्रसिद्ध कहावत है तीज त्युहारा वावडी ले डूबी गिणगौर' तीज के आगमन के बाद त्यौहार ही त्यौहार आते हैं। यहाँ इसी से मतलब है न कि नीमडी त्यौहार लाई।

गीत १२ मे वेगू और १७ मे धाणेराव शब्द—इनका जनपदीय होना सिद्ध करते है। गीत ८० 'म्है पालो कोनी काढू सा' शुद्ध ग्रामीण गीत है। चन्द्र बिन्दु और अनुस्वार मे कहीं भद नही किया है, न गीतो मे न ग्रथ मे।

ऊपर कुछेक ग्रथों की ओर सपादकों का ध्यान केवल इस आशय से आकृष्ट किया गया है कि वे इसके दूसरे सस्करण को या इसके दूसरे भाग को प्रकाशित करते समय थोडी सतर्कता से काम लें। वैसे उन्होंने इसके सपादन मे जो परिश्रम किया है वह राजस्थानी साहित्य की सेवा के नाते निश्चय ही सराहनीय है।

—श्रीलाल मिश्र

जप-सहिता

लेखक श्री स्वामी हरिप्रसाद "वैदिक मुनि", प्रकाशक विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध सस्थान, होशियारपुर, पजाब भारत, तृतीय सस्करण, सन् १९६३ ई०, मूल्य ४.७५ पै०।

धम प्राण भारत देश मे जप का बहुत माहात्म्य है । समय समय पर ऋषियो द्वारा दर्शन किए गए मन्त्र जप की सामग्री बनते रहे। मन्त्र मनन और त्राण के लिए प्रार्थना की वस्तु है। जप वही श्रेष्ठ समझा जाता है जिसमे मन्त्र का हृदय से उच्चारण होता है। इसको

'हृदुच्चार' कहते हैं 'जिह्वोष्ठादिव्यापाररहितं शब्दार्थयोर्यश्चिन्तनम् हृदुच्चार:।' वाणी द्वारा बारम्बार उच्चरित मन्त्र भी जप की संज्ञा में आता है। 'जप उच्चारे वाचि च।'

प्रस्तुत पुस्तक में श्री वैदिक मुनि ने श्री गुरुग्रंथ साहब में सकलित आरम्भ में वाणी, जो 'जपजी' कहलाती है, उसका वेद, उपनिषद् एवं अन्य प्राचीन भारतीय शास्त्रो से समन्वय करते हुए सस्कृत और हिन्दी में भाष्य किया है। पाणिनीय आदि व्याकरण नियमो के आधार पर सिक्ख-सम्प्रदाय के गुरु एव माला-मन्त्रो की पाण्डित्यपूर्ण व्याख्या भी की गई है। पुस्तक के आरम्भ मे एक विस्तृत ऐतिहासिक और चमत्कारिक अर्थोद्घाटक तथ्यों से युक्त भूमिका भी लेखक ने लिखी है।

मूलतः सिक्ख सम्प्रदाय हिन्दू धर्म के अन्तर्गत ही माना जाता है, और है भी। पिछले कुछ समय से कुछ विघटनकारी तत्वो ने ऐसा विषैला वातावरण फैलाया कि सिक्ख अपने आपको एक अलग जाति एवं राष्ट्र समझने लगे। ऐसी दुर्भावनाओं के दुष्परिणाम सहज सम्बोध्य हैं। सिक्खो में भी सनातनी और दूरदर्शी सिक्ख ऐसी निराधार बातों को थोथी और अनावश्यक समझते है। प्रस्तुत पुस्तक सिक्ख धर्म की मूल-भावनाओ का एक सहज, सुबोध और प्रकाशमान भाष्य है; जिससे प्रमाणित हो जाता है कि सिक्ख सम्प्रदाय कोई पृथक् इकाई नही है वरन् उन्हीं वैदिक मान्यताओं पर आधारित है जो समस्त भारतीय सम्प्रदायो के आदि-स्रोत हैं।

श्री नित्यानन्द-विश्व-ग्रथमाला के तीसरे ग्रंथ के रूप मे प्रकाशित यह ग्रथ सर्वथा पठनीय और मननीय है, विशेषतः इस युग में जब कि भारत में राष्ट्रिय एकता के लिये भावात्मक ऐक्य की अपेक्षा अनुभव की जा रही है।

पुस्तक की छपाई और सफाई सुघर है।

—गोपालनारायण बहुरा

भारत के लोक नृत्य

लेखक : लक्ष्मीनारायण शर्मा, प्रकाशक : संगीत कार्यालय, हाथरस, मूल्य : पांच रुपये मात्र

हिन्दी में लोक साहित्य पर अब अच्छी चर्चाऐ होने लगी है। भारतीय विश्वविद्यालयो के बी० ए० तथा एम० ए० के पाठ्यक्रमों में निर्धारित करने व इस पर शोध-कार्य होने के कारण यह विषय अधिकाधिक स्पष्ट और महत्त्वपूर्ण होने लगा है।

नृत्य भारत की प्राचीनतम कला है। ऋग्वेद में कहा गया है कि खुले आकाश के नीचे नृत्य करते हुए लोगो के पदों की धूल से आकाश आच्छादित हो जाता था। ईसाई सन्तों ने

जहाँ नृत्य को फरिश्तो की गति माना, तो विज्ञान ने अणु-परमाणुओं से नृत्य को साकार देख कर सम्पूर्ण प्रकृति को ही नृत्यमय सिद्ध कर दिया है।

राष्ट्रीय नवजागरण के फलस्वरूप हमारे लोकनृत्य सांस्कृतिक जीवन के मूलाधार बन गए हैं। लेखक के शब्दो मे लोक कलाकार निजी विचारो, आदर्शों और अनुभूतियो को अभिव्यक्त करने की अपेक्षा, पूरे समाज के आदर्श, विचार, चरित्र, रीति रिवाज, धर्म और मनोभावो का प्रस्तुत करते है वस्तुत ये भारतीय संस्कृति के विविध सौन्दर्य का सच्चा प्रतिनिधित्व करते है।'

प्रस्तुत पुस्तक मे इसी दृष्टिकोण को ध्यान मे रख कर काश्मीर, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, मणिपुर नागा प्रदेश, पजाब, राजस्थान गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बगाल, उडीसा, बिहार, केरल, आध्र आदि के प्रसिद्ध लोकनृत्यो का सक्षिप्त परिचय इस पुस्तक मे दिया गया है। पुस्तक के अध्ययन से हमको विस्तृत जानकारी तो नही मिलती है, फिर भी प्रौढ नवसाक्षरो के लिये पुस्तक की उपादेयता असदिग्ध है। भाषा सरल, सुवाच्य एवम् स्पष्ट है। चित्रो के प्रयोग से विषय अधिक स्पष्ट हो गया है, इसमे सन्देह नही।

लेखक का प्रयास स्तुत्य है। छपाई सुन्दर तथा आकर्षक है। गेटअप भी विषयानुकूल ही है। फिर भी मोटे टाइप मे छपी ११० पृष्ठो की पुस्तक का मूल्य पाच रुपया कुछ अधिक ही है।

प्रद्युम्न चरित्र

लेखक कवि सधारु, सम्पादक प० चैनसुखदास न्यायतीर्थ, प्रकाशक दि० जन अ० क्षेत्र श्री महावीरजी, जयपुर, मूल्य चार रुपये

हिन्दी साहित्य धारा की गतिशीलता मे अपभ्रश का योगदान प्रमुख है और इस अपभ्रश साहित्य को जीवन देने, उसे अक्षुण्ण तथा समृद्ध बनाये रखने मे जैन कवियो एवम विद्वानों का योग स्तुत्य है, यही कारण है कि अपभ्रश की अधिकाश सामग्री जैन भण्डारो से ही उपलब्ध हुई है।

प्राचीन विलुप्त सामग्री को प्रकाश मे लाने का कार्य निश्चय ही सराहनीय है। इधर इस ओर साहित्यकारो का ध्यान भी आकृष्ट होने लगा है। इसी के अन्तर्गत सवत १४११ मे रचित हिन्दी साहित्य का परमोज्ज्वल रत्न सधारु कृत प्रद्युम्न चरित्र है जिसके प्रकाशन से हिन्दी साहित्य की विलुप्त कडी प्रकाश मे आई है।

हिन्दी का आदिकाल आज तक तिमिराच्छन्न है। हिन्दी विद्वानो ने इधर प्रकाश किरणें डालने का प्रयत्न किया है फिर भी अभी तक अधिकाश भाग अन्धकारमय ही है। स्पष्टत इस रचना की खोज से आदिकाल न्यूनाधिक प्रकाशान्वित हुआ है, इसमे सन्देह नही।

आकार में यह रचना चौपाई छन्दो की एक सतसई है और काव्य दृष्टि से इसका महत्व अक्षुण्ण है। शुक्लजी के अनुसार प्रवन्ध-काव्य के जो लक्षण (देखिये जायसी ग्रंथावली, पृष्ठ ६६) निर्धारित है, वे इस पर सटीक हैं। नाना भावों के रसात्मक अनुभवों से सिक्त शृंखलावद्ध घटना-क्रमों एवं छः सर्गो में विभक्त यह प्रबन्ध-काव्य भाव, भापा, छन्द, अलकार तथा प्रभाव क्षमता में अपूर्व है। पुरुषोत्तम-वीर श्री कृष्ण के जीवन से अनुप्राणित यह काव्य-कथा सर्वत्र सवेग संचरित हुई है।

काव्य में सर्वत्र वीर रस का प्राधान्य है, जो सजीव होने के साथ साथ प्राणस्पंदित भी है। एक युद्ध द्रष्टव्य है—

हय गय रहिवर पड़े अनन्त, ठाह ठाह मयगल मयमन्तु।
ठाठा सहिस वहति असराल, ठाई ठाह किलकइ वेताल॥
गीधीणी स्याउ करइ पुकार, जनु जमराय जणावहि सार।
वेगि चलतु सापडी रसोइ, गृसइ आइ जिम तिपत होइ॥

(पद ५०४-५०६)

वीरादि भावों से ओतप्रोत व्रज भाषा का यह आदि-काव्य जहाँ भापा विज्ञान के लिए आधार भूमि प्रस्तुत करता है, वहाँ साहित्य को महत्वपूर्ण योग भी प्रदान करता है। हिन्दी के अन्वेपणप्रिय विद्वानो के लिए सुलभ पात्र है, साथ ही प्रकाशन सस्था को भी धन्यवाद है कि जिनके सतत् प्रयत्न से यह अमूल्य रत्न सर्व-सुलभ हो सका।

पुस्तक की छपाई, सफाई सुव्यवस्थित, सुन्दर एवं प्रशंसित है, इसमें सन्देह नहीं।

डॉ० चन्द्रशेखर भट्ट

कथक नृत्य

लेखक : लक्ष्मीनारायण गर्ग; सचित्र; पृष्ठ संख्या : २६४; मूल्य ८)
प्रकाशक : संगीत कार्यालय, हाथरस

'कथक नृत्य' के वारे में जानने योग्य समुचित सामग्री लेखक ने ३० अध्यायों में विधिवत ढंग से प्रस्तुत की है। पहले दो अध्याय इस नृत्य पद्धति के ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डालते हैं। तीसरे अध्याय में नृत्य कला सम्वन्धी पारिभाषिक शब्दो का विवेचन किया गया है और फिर इक्कीसवे अध्याय तक इस 'नृत्य' शैली के सभी अंगों-प्रत्यंगों पर एक 'प्रेक्टिकल गाइड' के नज़रिये से विश्लेपणात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। कथक के घरानों एवं उनकी वन्दिशें देने के वाद अन्तिम अध्याय में इस नृत्य शैली के प्रवर्तकों एवं प्रसिद्ध कलाकारो की एक 'who's who' दी गई है। जगह जगह पर उपयुक्त रेखाचित्र एवं कलाकारो के चित्रों द्वारा इस शैली की विशेप मुद्राओं को समझाया गया है। लेखक का परिश्रम सुस्पष्ट है और ग्रंथ की प्रामाणिकता के वारे में पद्मश्री

श्री श्रीशम्भू महाराज की भूमिका के बाद कोई सन्देह नहीं रह जाता। ग्रंथ अवश्य ही छात्रों, शिक्षकों एवं 'कथक' में साधारण रुचि रखने वालों के लिए उपयुक्त है और रोचक भी।

'पाश्चात्य स्टैंडर्ड' की दृष्टि से इस ग्रंथ को उपयोगी बनाने के लिए इसके आकार, गेट अप, मेक अप, मुद्रण एवं चित्रों विशेषकर रेखाचित्रों में संशोधन आवश्यक प्रतीत होता है। लेखक के परिश्रम के अनुपात में ग्रंथ का मुद्रण असन्तोषजनक लगता है।

—ए० पी० व्यास

साहित्य रामायन

लेखक दुर्गाशंकरप्रसादसिंह 'नाथ', प्रकाशक नव साहित्य मन्दिर, रैन बसेरा, दलीपपुर बिहार, मूल्य—नौ रुपये

भगवान श्री रामचन्द्र का आदर्श चरित्र भारतीय संस्कृति का कीर्ति स्तम्भ है। काल की दीर्घ परिधि और अनेक प्रकार की ज्ञात अज्ञात घटनाओं के क्रूर आघातों में भी उसकी स्थिति जल कमल के समान रही है, यह उस चरित्र की महानता तथा अमरता का ही प्रगट प्रभाव है। श्री राम के उदात्त चरित्र से प्रेरणा प्राप्त कर प्रत्येक युग के भारतीय श्रेष्ठ कवियों ने उनके चरणों में अपनी वाणी के सुमन समर्पित कर श्रद्धा व्यक्त की है। आदि कवि महर्षि वाल्मीकि से लेकर बीसवीं शताब्दी के राष्ट्रीय कवि मैथिलीशरण गुप्त तक के काव्य में राम कथा का पावन स्रोत बहता आया है। हाल ही में भोजपुरी भाषा के प्रथम काव्य के रूप में हमारे सामने 'नाथ' कवि रचित 'साहित्य रामायन' आई है।

विवेच्य कृति में लेखक ने तुलसीदास के रामचरित मानस के किष्किन्धा काण्ड और सुन्दर काण्ड के प्रसंगों को आधार रूप में ग्रहण किया है तथा अपनी कृति को मौलिक कृति माना है। परन्तु रामचरित मानस को समक्ष रख कर पढ़ने पर लगता है कि 'साहित्य रामायन' पर रामचरित मानस की शैली, वर्णनक्रम और उक्तियां ही नहीं, वरन् अनेक स्थलों पर तो ज्यों का त्यों तथा कहीं कहीं अत्यल्प शब्द-परिवर्तन और विभक्तियों के भेद में ही मौलिकता रह गई है। उदाहरण के लिए अशोक वाटिका में सीता द्वारा अपमानित रावण का कथन दोनों रचनाओं में एक साथ पढ़ने पर हमारा कथन स्पष्ट हो जाता है, यथा—

> नागिन, भइले ते अपमान। बचु सिर काटत कुटिल कृपान॥
> नाहित सपद मानु मो बात। टेढ़ि होत नत जीवन घात॥
>
> —साहित्य रामायन

सीता तैं मम कृत अपमाना । कटि हउं तव सिर कठिन कृपाना ॥
नांहित सपदि मानु मम बानी । सुमुखि होत नत जीवन हानी ॥

—रामचरित मानस

ऐसे स्थलों पर मौलिकता के आगे स्वतः प्रश्न-चिन्ह लग जाता है। यही नही जहां कवि ने तुलसी के अभाव से मुक्त रहने का प्रयत्न किया है, वहाँ उनके मस्तिष्क पर खड़ी बोली का प्रभाव चढ़ बैठा है। उदाहरण के लिये निम्न स्थल दर्शनीय है—

समय परिस्थिति युग व्याख्यान। बालक खाल निकासल ज्ञान ॥
बेदत दरसन-ग्यान पुरान। बुधि बल जनहित करम विधान ॥

तब भी कवि ने मुहावरे आदि के प्रयोग कर अपनी कृति को सुन्दरता प्रदान करने का प्रयत्न किया है। कई स्थलों पर भोजपुरी भाषा की अभिव्यक्ति सबलता प्रगट हुई है। समूची कृति के अध्ययन के उपरान्त यह भली भाँति स्पष्ट हो जाता है कि भोजपुरी भाषा में साहित्यिक भाषा के गुण विद्यमान हैं। प्रान्तीय भाषाओं मे उसका भी राजस्थानी भाषा की भाँति अपना एक स्थान है। यद्यपि आलोच्य कृति में कृतिकार सम्यक्तया भोजपुरी के शब्द भण्डार से शब्द-चयन नहीं कर पाया है, फिर भी भगवान के चरित्र को भोजपुरी भाषा में प्रथम बार उपस्थापित कर 'नाथ' कवि धन्य हुए हैं।

—सौभाग्यसिंह शेखावत

विद्वानो की दृष्टि मे सस्थान

आज राजस्थानी शोध सस्थान मे आया और श्री नारायणसिंह भाटी से मिला। यहा राजस्थानी भाषा एव साहित्य सम्बन्धी प्रकाशित एव अप्रकाशित ग्रन्थो को देख कर अत्यधिक प्रसन्नता हुई। इस सस्थान मे इतनी अधिक सामग्री है कि हिन्दी के शोधकर्त्ताओ को इससे पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। केन्द्रीय एवम् राज्य सरकार को इस सस्थान को पूरी सहायता करनी चाहिए। मैं इस सस्थान के उत्साही कार्यकर्त्ताओ का अभिनन्दन करता हूँ।

डॉ० उदयनारायण तिवारी, डी लिट्
प्रोफेसर एव अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
जबलपुर विश्वविद्यालय

• • •

राजस्थानी शोध सस्थान जोधपुर के प्रकाशनो, हस्त-लेखो तथा चित्रो का सग्रहालय देख कर अपार आनन्द हुआ। हमारा दृढ विश्वास है कि हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओ के शोधार्थियो के लिए, एक ज्ञान-तीर्थ के रूप मे यह सतत् प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

डॉ० भगवतीप्रसाद सिंह,
डी लिट्
रीडर, गोरखपुर विश्वविद्यालय